प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज शाम 4 बजे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को राज्य के चौदहवें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की दिलायेंगे शपथ।

2. शपथ ग्रहण समारोह को लेकर आज रांची की यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव, रात आठ बजे तक ऑटो और ई–रिक्शा का परिचालन रहेगा बंद।

3. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा क़ानून को और सख्त बनाने की बतायी जरूरत।

4. सीबीआई ने जेपीएससी–2 नियुक्ति घोटाले की जांच के बाद 60 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र किया दायर।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज शाम 4 बजे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को राज्य के चौदहवें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इसके साथ ही हेमंत सोरेन चार बार राज्य की सत्ता संभालने वाले इकलौते मुख्यमंत्री बन जायेंगे।

*****************

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक होगा। यह दिन, हमारे सामूहिक संघर्ष, प्रेम, भाईचारे की भावना और न्याय के प्रति हम झारखंडियों की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

वहीं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश और राज्य के लिए आज गौरवशाली दिन है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की जनता को एक बेहतर सरकार मिलने जा रही है।

इधर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हेमंत सोरेन अभी अकेले शपथ लेंगे। और मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में होगा।

*****************

झामुमो नेता हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में आज देशभर की कई राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। श्री सोरेन ने इंडी गठबंधन के नेताओं को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

*****************

रांची के मोरहाबादी में आयोजित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। समारोह में कई विशिष्ट लोगों के साथ–साथ लगभग एक लाख लोगों के आने की उम्मीद है। इसे देखते हुए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी है।

*****************

सीबीआइ ने जेपीएससी–2 नियुक्ति घोटाले की जांच के बाद 60 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। आरोपितों की सूची में 28 परीक्षार्थी, जेपीएससी के छह तत्कालीन पदाधिकारी, 25 परीक्षक और मेसर्स एनसीसीएफ का एक प्रतिनिधि शामिल है। आरोपित परीक्षार्थियों की सूची में आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष, सदस्य, विधायक, पूर्व मंत्री और वकील के रिश्तेदारों का नाम भी शामिल है। सीबीआइ ने राज्य सरकार से 31

सरकारी अधिकारियों को खिलाफ अभियोजन स्वीकृति देने का अनुरोध भी किया है। इसमें जेपीएससी से संबंधित छह अधिकारी और परीक्षकों रूप में शामिल 25 व्याख्याता शामिल हैं।

*****************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा क़ानून को और सख्त बनाने की आवश्यकता है। श्री वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि सोशल मीडिया अभिव्यक्ति की आजादी का एक बड़ा माध्यम है, लेकिन संपादकीय नियंत्रण न होने के कारण सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री का निर्बाध प्रसार हो रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि ये प्लेटफॉर्म जिन देशों से आए हैं, उनकी और भारत की संस्कृति में बहुत अंतर है।

*****************

गढ़वा जिला प्रशासन अवैध खनन के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चला रहा है।

*****************

केंद्र सरकार ने कहा है कि पिछले तीन महीनों में अरहर और उड़द दाल की खुदरा कीमत में कमी आई है या इनकी कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों की स्थिति अच्छी है। मूंग और उड़द दाल की फसलों की कटाई पूरी हो गई है जबकि अरहर की कटाई अभी शुरू हुई है।

*****************

कोडरमा जिले में पर्यटन स्थलों को सजाने–संवारने का काम जारी है।

*****************

देवघर जिले में अलग–अलग स्थान पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुढ़ई मेला देख कर वापस घर लौट रहे बाइक की ऑटो से टक्कर हो गई।

*****************

ओमान की राजधानी मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी में आज भारत का मुकाबला जापान से होगा। वहीं कल पहले मैच में कल भारत ने थाईलैंड को 11–0 से हरा दिया। भारत की ओर से अरजीत सिंह हुंदल, सौरभ आनंद कुशवाहा और गुरजोत सिंह ने दो–दो गोल किए। अर्शदीप सिंह, शारदा नंद तिवारी, दिलराज सिंह, रोहित और मुकेश टोप्पो ने एक–एक गोल किया।

*****************